Fact Sheet

www.abs.gov.au/census

मंगलवार, 8 अगस्त को होने वाली, 2006 की जनगणना आपके समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है ।

वर्ष 2006 की जनसंख्या और आवास की गणना में ऑस्ट्रेलिया में उपस्थित हर व्यक्ति को गिना जाएगा । आपके समुदाय के भविष्य के लिए आपकी सहायता अत्यधिक महत्वपूर्ण है ।

सामाजिक सुविधाओं और सेवाओं जैसे आवास, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा. भाषा की सेवाएं और विशेष सहायता के कार्यक्रमों की योजनाएं बनाने के लिए, सामुदायिक संस्थाएं, सरकार और व्यापार, ये सभी जनगणना की जानकारी पर निर्भर करते हैं ।

जन्मस्थान, बोली जाने वाली भाषा, धर्म और वंशावली संबंधी जानकारी पर प्रश्न

वर्ष 2006 की जनगणना ऑस्ट्रेलिया में सभी का एक आशुचित्र (स्नैपशॉट) है, और यह महत्वपूर्ण ब्यौरे जैसे कि उम्र, जन्म-स्थान, बोली जाने वाली भाषा, धर्म और वंशावली के परिमाण सहित यह भी जानने की चेष्टा करेगी कि लोगों को अंग्रेजी भाषा को लेकर कितनी मदद की आवश्यकता है ।

जातीय सामुदायिक संस्थाएं जनगणना का समर्थन करती हैं । जनगणना के फॉर्म पर दी गई जानकारी उन्हें उनके समुदाय की सही तस्वीर आँकने में मदद देती है । जनगणना की जानकारी जातीय समुदायों को सरकारी सहायता की राशि को उचित रुप से बाँटने में भी मदद देती है ।

यदि आपका उत्तर फ़ॉर्म पर नहीं दर्शाया गया है तो उसे लिख कर भर दें

जनगणना में लगभग 280 देशों, 240 भाषाओं और 120 धर्मों की जानकारी दर्ज की जाती है । जनगणना फ़ॉर्म पर सीमित स्थान होने के कारण सभी देशों, भाषाओं और धर्मों को नहीं दर्शाया जा सकता । यदि आपके देश, भाषा अथवा धर्म का नाम नहीं लिखा है तो नियत स्थान पर उसे लिख दें ।

क्या मेरी जानकारी गुप्त रहेगी?

जनगणना के दौरान एकत्र की जाने वाली सभी जानकारी कानूनन गोपनीय है । आपकी निजी जानकारी की पूर्ण गोपनीयता की पूरी गारंटी है ।

जो लोग दि सैन्सस टाईम कैप्सूल में भाग लेने का चुनाव नहीं करते, उनके नाम और पते संबंधी जानकारी नहीं रखी जाती । जनगणना के सभी फ़ॉर्म और वह कम्प्यूटर फाइलें जिनमें नाम और पते की जानकारी होती है, उस जानकारी के संसाधन के बाद नष्ट कर दिए जाते हैं ।

जनगणना के सभी कार्यकर्ता निजी जानकारी का विमोचन कभी न करने के लिए कानूनन बाध्य हैं । फ़ेडरल पुलिस, एसियो (ASIO), टैक्स कार्यालय, सेंटरलिंक, इम्मिग्रेशन जैसे संस्थान और सीधे मार्कीटिंग करने वाली कंपनियाँ जनगणना में एकत्र की गई निजी जानकारी कभी प्राप्त नहीं कर सकते ।

सैन्सस टाईम कैप्सूल

आप अपनी जनगणना संबंधी सूचना जिसमें आपका नाम और पता शामिल है, 99 वर्षों तक दि नेशनल आर्काइवज़ आँफ आँस्ट्रेलिया द्वारा हिफ़ाजत से रखे जाने का चुनाव कर सकते हैं। क्योंकि इस जानकारी को 99 वर्षों तक कोई प्राप्त नहीं कर सकता, इस परियोजना को दि सैन्सस टाईम कैप्सूल कहा जाता है।

वर्ष 2105 में दि नेशनल आर्काइवज़ टाईम कैप्सूल में रखी गई जानकारी को सार्वजनिक रुप से जारी करेगा और आने वाली पीढ़ियाँ अपने कुटुम्ब के बारे में जान सकेंगी।

दि सैन्सस टाईम कैप्सूल में भाग लेना पूर्णतया ऐच्छिक है। जो लोग इस परियोजना के लिए अपनी अनुमति नहीं देते, उनकी जनगणना संबंधी जानकारी आँस्ट्रेलियन ब्यूरो आँफ स्टेटिस्टिक्स् की सामान्य कार्यपद्धति के अनुसार, सूचना के संसाधन के बाद नष्ट कर दी जाएगी।

जनगणना कैसे की जाती है

जो भी व्यक्ति जनगणना की रात (मंगलवार, 8 अगस्त) को आँस्ट्रेलिया मे हैं, इनमें पर्यटक शामिल हैं, जहाँ वह हैं, उनकी गिनती वहीं की जाएगी। जनगणना की रात्रि से पहले के दो सप्ताहों के दौरान जनगणना की जानकारी एकत्र करने वाला एक व्यक्ति आपके घर में जनगणना का फ़ार्म और एक सहायक पुस्तिका दे जाएगा और जनगणना की रात्रि के बाद के दो सप्ताहों के दौरान भरा हुआ फ़ार्म वापिस लेने के लिए आएगा। 2006 की जनगणना में परिवारों को अपना फ़ार्म आँन-लाईन भरने का विकल्प भी उपलब्ध है।

क्या आपको मदद चाहिए ?

जुलाई के अंत से आँस्ट्रेलिया में अधिक प्रयोग होने वाली भाषाओं में एक सेन्सस् इन्क्वायरी सर्विस उपलब्ध होगी। दि सेन्सस् इन्क्वायरी सर्विस की भाषाओं की हेल्पलाईन **1300 363 365** नम्बर पर प्रातः 8:30 बजे से रात्रि के 8:00 बजे तक उपलब्ध होगी।

उपयुक्त क्षेत्रों में भाषाएं जानने वाले जनगणना कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है। वे मदद देने में प्रशिक्षित हैं। जनगणना की वेबसाईट - **www.abs.gov.au/census** - पर भी कुच्छ अनुवाद की गई जानकारी उपलब्ध होगी।

याद रहे – जनगणना आपका गिनती में शामिल होने का अवसर है।